शैक्षिक सत्र–2025–26

विषय–मानवविज्ञान (एन्थ्रोपोलोजी)

कक्षा–11

(मानविकी, वैज्ञानिक वर्ग एवं व्यावसायिक वर्ग हेतु)

इस विषय की लिखित परीक्षा का न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल 33 एक प्रश्न–पत्र, 70 अंको का तीन घण्टे का होगा। 30 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

अध्ययन का उद्देश्य––

1–समाज के विकास, उनके आधारभूत कारकों, विस्तार तथा विविधता की जानकारी प्राप्त करना तथा उसके भावरूप के बारे में निष्कर्ष निकालना।

2–प्राकृतिक पर्यावरण तथा मानव के मध्य अन्तःक्रिया को भारत तथा विश्व के सन्दर्भ में सामाजिक विकास पर पड़ने वाले उसके प्रभाव को समझना, विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालने के लिए सक्षम बनाना।

3–समाज की समसामयिक समस्याओं के बारे में जानकारी करके निर्णय लेने की योग्यता प्राप्त करना।

4–मानव विकास और उसकी उपलब्धियाँ तथा विफलताओं को सजीव एवं प्रेरणादायक रूप में प्रस्तुत कर समाज के समाजवादी स्वरूप की स्थापना करना।

5–विश्व के पर्यावरणीय घटकों, विभिन्न क्षेत्रों में संसाधनों तथा उसके उपयोग की जानकारी प्राप्त करना तथा भविष्य के बारे में निष्कर्ष निकालना।

6–मानवविज्ञान नामक विषय के विकास तथा 19वीं एवं 20वीं शताब्दी में हुये विभिन्न अध्ययनों से बनी मानव विज्ञान की रूपरेखा का ज्ञान विद्यार्थियों को देना।

7–मानवविज्ञान की विषय–वस्तु, विस्तार तथा विभिन्न शाखाओं का ज्ञान सरल तथा बोधगम्य भाषा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्राप्त कराना।

8–मानवविज्ञान एक लोकप्रिय तथा उपयोगी विषय है जो कि मानव जीवन के शारीरिक तथा सामाजिक–सांस्कृतिक दोनों ही पक्षों के विकास पर प्रकाश डालता है। मानव जीवन का कोई भी पक्ष इससे अछूता नहीं है। सभी पक्षों के तारतम्य का एकीकृत चित्र प्रस्तुत करना।

9–मानव के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन की समस्याओं को समझाने तथा सुलझाने की क्षमता का सृजन करना।

10–सभ्यता की मुख्य धारा से दूर बसे सरल जनजाति समाजों की विशिष्टता, विविधता एवं उनकी आधुनिक समस्याओं का ज्ञान देना जिससे उन्हें राष्ट्रीय जीवन की मुख्य धारा से जोड़ने के सफल प्रयास किये जा सके।

खण्ड–क **35 : अंक**

(सामाजिक मानवविज्ञान)

		अंक भार
इकाई–1	मानवविज्ञान की परिभाषा, शाखायें तथा अन्य विज्ञानों से सम्बन्ध।	4
इकाई–2	सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानव विज्ञान की परिभाषा एवं विषय क्षेत्र, सामाजिक मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र में समानतायें एवं भिन्नतायें।	6
इकाई–3	विवाह परिभाषा, जनजातीय समाजों में प्रचलित विवाह के प्रकार––एक विवाह, बहु विवाह जनजातीय समाजों में प्रचलित जीवनसाथी चुनने के तरीके––अधिमान्य विवाह, समलिंगीय सहोदरज (पैरेलल कजिन) विवाह, विषमलिंगीय सहोदरज (क्रास कजिन) विवाह, वधु–धन एवं उसका महत्व।	10
इकाई–4	परिवार–परिभाषा, प्रकार एवं कार्य।	7
इकाई–5	नातेदारीः परिभाषा, प्रकार, क्लान (गोत्र सम समूह), लिनिएज (वंश समूह) का वर्णन, नातेदारी के व्यवहार– प्रतिमान–परिहार एवं परिहास सम्बन्ध।	8

सन्दर्भित पुस्तकें––

1–डी0 एन0 मजूमदार एवं टी0 एन0 मदान––सामाजिक मानव शास्त्र : एक परिचय (इंग्लिश में भी उपलब्ध)।

2–उमाशंकर मिश्र––सामाजिक–सांस्कृतिक मानव शास्त्र।

3–विजय शंकर उपाध्याय एवं विजय प्रकाश शर्मा–भारत की जनजातीय संस्कृति (मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी)।

4–शैपिरो एवं शैपिरो––मानव संस्कृति एवं समाज (Man Culture and Society)।

5–एम्बर एवं एम्बर––मानव विज्ञान (हिन्दी अनुवाद) यू0बी0सी0 सर्विसेज, दिल्ली।

6–गोपालशरण एवं आर0 पी0 श्रीवास्तव–मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र (इंगलिश)। न्यू रॉयल बुक कम्पनी, लखनऊ।

7–विजय शंकर उपाध्याय एवं गया पाण्डेय––सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र, क्राउन पब्लिकेशन्स, रांची।

8–नीरजा सिंह एवं निशा शर्मा––परिचयात्मक मानव विज्ञान।

9–ए0आर0एन0 श्रीवास्तव–जनजातीय विकास के साठ वर्ष– प्रकाशक– 42/7 जवाहर लाल नेहरू रोड़, प्रयागराज।
10–विभा अग्निहोत्री–सामाजिक मानव विज्ञान की रूपरेखा, सत्यम पब्लिकेशन्स, दिल्ली।
11–नदीम हसनैन–समकालीन भारतीय समाजः एक समाज शास्त्रीय परिदृश्य।

खण्ड–ख **35 : अंक**

(प्रागैतिहासिक मानव विज्ञान)

		अंक भार
इकाई–1	प्रागैतिहास, अर्थ, विषय क्षेत्र, काल मापन विधियाँ––सापेक्ष एवं निरपेक्ष।	8
इकाई–2	यूरोपीय पाषाण काल की संस्कृतियों की परिचयात्मक–रूपरेखा, पुरा पाषाणकाल, मध्य पाषाण काल एवं नव पाषाणकाल	8
इकाई–3	भारतीय पाषाण काल का संक्षिप्त विवरण।	8
इकाई–4	सिंधु घाटी की सभ्यता– उत्पत्ति, विस्तार, विशेषतायें, सांस्कृतिक, आर्थिक, नगर नियोजन, विकास और पतन	11

सन्दर्भित पुस्तकें––

1– The old stone Age - M.C. Burkitt
2–What is Anthropology - Dr. A. R. N. Srivastava.
3–पुरातात्विक मानव विज्ञान – रमेश चौबे
4–उद्विकासीय मानव विज्ञान – डा0 विभा अग्निहोत्री।
5– Prehistory (English) Thirupati (Andhra Pradesh) - V. Rami Reddy
6–प्रागैतिहास – गोपाल शरण

(प्रायोगिक मानव विज्ञान)

पूर्णांक 30

	पाठ्यक्रम	अंक भार
इकाई–1	कपाल एवं उपांग अस्थियों का रेखांकित एवं चिन्हित वर्णन मानव कपाल का नारमा वार्टेकैलिस, नरमा फ्रन्टालिस, नारमा लैटरैलिस, नरमा ऑक्सीपिटालिस, नारमा बेसेलिस पक्ष का रेखांकित एवं चिन्हित वर्णन। ह्यूमरस, रेडियस, अल्ना, फीमर, टिबिया, फिबुला का चिन्हित वर्णन।	10 5 अंक चित्रण एवं 5 अंक सही नामांकन एवं वर्णन के लिए
इकाई–2	सोमैटोस्कोपी (Somatoscopy) (देहवीक्षिकी) 5 व्यक्तियों के चेहरे पर निम्नलिखित सीमैटोस्कोपिक अवलोकन करना–– (क) मानव केश––स्वरूप, रंग, प्रकृति (फॉर्म, कलर एवं टैक्सचर) (ख) नासिका––मूल, सेतु, नथुने (रूट, ब्रिज, विंग्स) (ग) आँख––एपिकैन्थिक फोल्ड, नेत्र वर्ण (आई कलर) (घ) ओष्ठ (लिप)––मोटाई एवं वर्हिवर्तन (निचले होंठ का बाहर की ओर लटका होना) ओष्ठ की विद्यमानता (थिकनैस एवं इवरटेड ओष्ठ) (च) चेहरे की उद्गतहनुता (फेशियल प्रोग्नैथजम)	10
इकाई–3	प्रायोगिक रिकार्ड (लैब बुक)–– इकाई 1 और 2 विद्यार्थियों को सिखाये जायेंगे तथा उस पर आधारित लैब बुक होगी।	5
इकाई–4	मौखिक परीक्षा	5
		कुल अंक . . 30

निर्देश–इकाई 1 में वर्णित कपाल एवं उपांग अस्थियों को चार्ट से देखकर रेखांकित एवं चित्रित करना।

सन्दर्भ पुस्तकें––

(1) प्रयोगात्मक शारीरिक मानव विज्ञान––डा0 विभा अग्निहोत्री।
(2) मानव अस्थि विज्ञान––हिन्दी रूपान्तर––अजय भगत एवं पोद्दार।
(3) Physical Anthropology Practical--by B. M. Das & Ranjan Deka.
(4) Laboratory manual of Physical Anthropology - Sudha Rastogi & B.R. K. Shukla

प्रयोगात्मक अंक विभाजन

मानव विज्ञान

अधिकतम अंक : 30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक : 10** **समय : 03 घण्टा**

	निर्धारित अंक
1–कपाल एवं उपांग अस्थियों का रेखांकित एवं चिन्हित करना–– (सही चित्रण हेतु 3 अंक तथा नामांकन व पहचान हेतु 3 अंक)	06 अंक
2–सोमैटोस्कोपी	04 अंक
3–मौखिकी––	05 अंक
4–प्रोजेक्ट कार्य–– (क) किसी सामाजिक विषय पर साक्षात्कार (05 व्यक्तियों का) (ख) किसी सामाजिक विषय पर प्रश्नावली तैयार करना––	5+5=10 अंक
5–प्रायोगिक रिकॉर्ड बुक––	05 अंक

नोट :––प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रायोगिक रिकॉर्ड बुक परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।